झारखण्ड सरकार

कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfochatrasouth@gmail.com

पत्रांक दिनांक

सेवा में,

श्री आलोक कुमार,
उप महाप्रबंधक,
विभागाध्यक्ष (पर्यावरण एवं वन),
सी0सी0एल0 दरभंगा हाउस,
जिला राँची।

विषयः– मेसर्स सी0सी0एल0 के पुरनाडीह परियोजना हेतु 323.49 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक 1978 दिनांक 18.08.2015

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि आपके द्वारा समर्पित ऑन लाईन एवं हार्ड कॉपी प्रस्ताव को भारत सरकार के निर्देशानुसार चेक लिस्ट से मिलान की गई मिलानोपरांत निम्नांकित त्रुटियाँ पाई गई जो निम्नवत् हैः–

1. पूर्व में समर्पित 170.89 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव में संशोधन कर 152.60 हे0 गैर मजरूआ जंगल झाड़ी जोड़ते हुए प्रस्ताव ऑन लाईन समर्पित किया गया है। 170.89 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव में वार्षिक उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 3 एम0टी0 की दर से 20 वर्षो के लिए प्रस्तावित था। पुनः इसी प्रस्ताव में जंगल झाड़ी गैर मजरूआ भूमि को जोड़ते हुए कुल 323.49 हे0 वनभूमि का प्रस्ताव समर्पित किया गया है। उसमें भी उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 3 एम0टी0 की दर से 20 वर्षो के लिए भी समर्पित किया गया है। इस विषमता को स्पष्ट किया जाय।
2. ऑन लाईन के कंडिका C(ii)(a) में पैचवाईज डिटेल में KML File में अपलोड नहीं किया गया है। इसे अलग से सी0डी0 में दिया गया है उसे Proper Place में अपलोड किया जाय।
3. ऑन लाईन के कंडिका C(iii) में संलग्न टोपो मैप पर दिखाये गये लिजेण्ड एवं नक्शा में दिखाये गये स्थल में भिन्नता है जिसमें संशोधन की आवश्यकता है।
4. ऑन लाईन के कंडिका F(ii)(a) में संलग्न हस्ताक्षरित नहीं है।
5. ऑन लाईन के कंडिका M(2)(vi) में संलग्न मैप पर जी0पी0एस0 कॉर्डिनेट का टोटल स्टेशन दिखाते हुये नक्शा संलग्न नहीं किया गया है, वांछित नक्शा ही संलग्न किया गया है।
6. ऑन लाईन के कंडिका M(2)(vii) में माईनिंग लिज ऑउटर बॉण्डरी का नक्शा संलग्न नहीं है। संलग्न किया जाय।
7. ऑन लाईन के कंडिका M(7.1)(ii) में संलग्न अभिलेख हस्ताक्षरित नहीं है।
8. ऑन लाईन में Additional Information अभिलेखों में हस्ताक्षर नहीं है। हस्ताक्षर कर संलग्न किया जाय है।
9. उक्त परियोजना हेतु प्रस्तावित सी0ए0 लैंड का नक्शा चिन्हित किया जा चुका है। नक्शा प्राप्त कर DGPS Map तैयार कर नौ–नौ प्रतियों समर्पित किया जाय।

अतः अनुरोध है कि ऊपर उल्लेखित बिन्दुओं का निराकरण एवं प्रसंगाधीन पत्र द्वारा दी गई आपत्तियों का निराकरण करते हुए सूचना अविलंब इस कार्यालय को दी जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सकें।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0/–

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

ज्ञापांक :– 2306 दिनांक :– 19/9/15

प्रतिलिपिः– प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची/प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची/क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग/वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सादर समर्पित।

19.9.15

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

19/9/15